## एक नजर में



### प्री रीजन स्टाफ मीट ज्ञानम संपन्न

**उज्जैन** ।लायंस इंटरनेशनल की प्री रीजन स्टाफ मीट ज्ञानम आयोजित की गई। जिसमें लायंस इंटरनेशनल 3233 जी-2 के रीजन 01 के रीजन चेयरपर्सन डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव के द्वारा वर्ष की कार्य संरचना और मार्गदर्शन की विस्तृत चर्चा कि गयीं। डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम मे 17 क्लब्स के अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता भोपाल के पी.डी.जी. एमजेएफ लायन कमल भंडारी, उज्जैन के पी.डी.जी पीएमजेएफ लायन आर.जी. पाठक द्वारा सभी सदस्यों को बेहतरीन समाज सेवा की दिशा मे कार्य करने के बारे मे विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही डिस्ट्रिक्ट के नए एप्लीकेशन के बारे मे तकनीकी जानकारी डिस्ट्रिक्ट आई टी सीईओ लायन अचल लीग्गा द्वारा दी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ लायन साथी लायन राकेश शर्मा, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुशील पोरवाल, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष संजीव गोयल का अभिनंदन किया गया। रीजन के समस्त जोन चैयरपर्सन लायन शैलेन्द्र रावल, लायन मनीषा अग्रवाल और लायन भुषण नाईक के द्वारा अपने सभी क्लब्स मे मिशन 1.5 के तहत सदस्य वृद्धि की कार्य योजना के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गयीं। आभार लायन जेपी पंचारिया द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन लायन डॉक्टर वैशाली शुक्ला द्वारा किया गया।

### संस्कृत अकादमी गुरु शिष्य परंपरा का गढ़



**उज्जैन**। भारतीय संस्कृति में गुरु का विशेष महत्व है, उज्जैन के कालिदास संस्कृत अकादमी को गुरु शिष्य परंपरा का गढ़ माना जाता है। जिस प्रकार कुम्हार घड़े को तैयार करता है उसी प्रकार गुरु भी एक शिष्य का निर्माण करता है। यह बात सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया निदेशक कालिदास संस्कृत अकादमी ने कही। अतिथियों का स्वागत एवं परिचय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एकता इंगले ने किया। अध्यक्षता महेश बैरागी पूर्व छात्र सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय ने की। आपने कहा की गुरु की आवश्यकता तो स्वयं ईश्वर को भी हुई गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में कुछ बनने के लिए महाविद्यालय की कक्षाओ मे नियमित उपस्थित होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा भूरा सोलंकी भी उपस्थित थी। गुरु के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन एक नाव है तो गुरु उसकी पतवार है सिर्फ गुरु ही है जो अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाता हैं। संचालन प्रशिक्षणार्थी खुशबू चौहान ने किया एवं आभार महाविद्यालय की ग्रंथपाल प्रीति शर्मा ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक बिलकिस बादशाह, राधा श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, स्वाति शर्मा, गिरीश शर्मा, अखिलेश चौहान एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### 106 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण




**उज्जैन**। जायंट्स ग्रुप ऑफ़ उज्जैन द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोड़ंग में एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय सोड़ंग में 106 बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा जायंट्स ग्रुप के सदस्यों का एवं उपस्थित अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया। कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप के सुरेश फरक्या, अशोक झालानी, अमृत बलसारा, महेंद्र वाडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सोड़ंग गांव के अशोक पटेल, मोहन देपन, नारायण, चेतन बगाना उपस्थित रहे। विकासखंड स्त्रोत समन्वय कार्यालय घटिया के बीएससी बंशीलाल मोंगिया उपस्थित रहे। शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कीर्ति उपाध्याय, रानी जोशी, आरती पाठक, बहादुर सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीना पाठक ने किया एवं आभार राकेश कुवाल ने माना। जानकारी जायंट्स ग्रुप के डॉक्टर प्रेम प्रकाश बोराना ने दी।

### सितार वादन से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**उज्जैन**। कला गुरु स्व. श्री डी.के. वाहने (गुरुजी) के अवतरण दिवस पर रागदारी संगीत संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में रागदारी संगीत समारोह 2025 आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि के रुप पधारी डॉ. अर्चना परमार, पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवे? खान तथा संस्कृति-प्रकृति वाहने अध्यक्ष-सचिव के कर कमलों से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से सम्पन्न हुआ। समारोह की पहली प्रस्तुति संस्थान के शिष्यों द्वारा ताल रुपक पर आधारित राग यमन में बहुत ही आकर्षक रुप में प्रस्तुत की गयी, तत्पश्चात रागिनी देवले ने राग भूपाली और मियां मल्हार में बंदिशें गाकर सबका मन मोह लिया तथा रवि किलेदार ने हारमोनियम पर सुरीलि संगत की। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति पुणे से पधारे पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवे? खान ने राग चारुकेशी में क्रमश: ताल रुपक और तीन ताल में तथा राग पीलू में अनेक रागों का मिश्रण कर सबको सम्मोहित कर अपने सितार वादन से 'सामाजिक शोध संस्थान भरतपुरी के सभागार में बैठे विद्वत श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर श्रुतिशील उद्धव ने एक संधी हुई संगत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. शैफाली चतुर्वेदी ने तथा संस्कृति वाहने ने आभार व्यक्त किया।

### 27 जुलाई को होगा विशाल दंगल का आयोजन

**उज्जैन**। क्षीर सागर स्थित कुश्ती एरीना मे एक दिवसी विशाल दंगल का आयोजन मध्य प्रदेश कुश्ती संघ जिला उज्जैन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर संगठन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के आयोजन हम्माल तुलावती एकता फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शेर खान भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि मरहूम दलशेर खां पहलवान खलीफा बजरंग अखाड़ा, तराना की स्मृति में रविवार 27 जुलाई को एक दिवसीय दंगल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे होगा। मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के दंगल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरे देश भर के पहलवान शामिल होंगे। कमेटी के राजेश भाटी काका एवं फारुक पहलवान ने शहर की जनता से अपील की है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पहलवानों का उत्साह वर्धन करें। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा सभी पहलवानों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया जाएगा।

# माधव के घर मोहन पधारे, संघ के सेवा प्रकल्प दुनिया में सबसे न्यारे

## न्यास के नए सेवा प्रकल्प निर्माण का सीएम ने किया भूमि पूजन, महाकाल लोक में किया पौधारोपण आयोजन का शुभारंभ

**उज्जैन। महाकाल मंदिर परिसर में बने माधव सेवा न्यास के सेवा प्रकल्प विश्व भर में संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नए सेवा प्रकल्प के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे और संघ से जुड़े अतिथियों की उपस्थिति में उद्बोधन देते हुए कहा कि मैं निजी तौर पर भी संघ के इस प्रकल्प में आर्थिक सहयोग करूंगा और सरकार भी साथ में है। इस दौरान संघ पदाधिकारी बलदेव भट्ट ने कहा कि माधव में मोहन पधारे संघ के प्रकल्प देश में सबसे न्यारे।**







शनिवार को माधव सेवा न्यास में संत स्वामी उत्तम स्वामी महाराज और राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज, शांति स्वरूपानंद महाराज, महामंडलेश्वर आचार्य शेखर महाराज से लेकर भृर्तहरि गुफा के पीठाधीश्वर रामनाथ महाराज और महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी महाराज से लेकर अशोक सोहनी समेत अन्य संघ से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी के साथ महाकाल परिसर में अमलतास का पौधा लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत मंत्रोउच्चारण और दीप प्रज्जवलित से की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी और महाकालेश्वर मंदिर के महंत विनीत गिरी महाराज का महाकाल शाल और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्रेडाई के अध्यक्ष महेश परियानी ने कहा कि महाकाल मंदिर प्रबंध समिति और क्रेडाई के संयुक्त तत्वावधान में यह पौधारोपण सतत तौर पर चलेगा और मुख्यमंत्री ने शनिवार को महाकाल मंदिर परिसर से इसका शुभारंभ किया। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने महाकाल मंदिर में पौधे लगाने की पहल की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में लाड़ली बहना सम्मेलन में बहनों को झूले पर बिठाकर झूला भी झुलाया। बहनों के खाते में 1543 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सम्मेलन में गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना की 46.34 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से हितग्राही हितग्राही बहनों के खातों में अंतरित की।

### उज्जैन में निषादराज सम्मेलन, मुख्यमंत्री ने यह दी सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को उज्जैन स्थित कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग एवं मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ (मर्यादित) द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों की मछली एवं मत्स्य से जुड़े नए-नए नवाचारो कों मॉडल के रूप मे देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर एवं भगवान निषादराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमि-पूजन किया साथ ही इंदिरा सागर बांध में लगभग 92 करोड़ लागत से 3360 केज परियोजना का डिजिटली भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मछुआरा समुदाय को बेहतर जीवन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 15 से 30 जुलाई तक प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नागरिकों को नशा ना करने के लिए जागरुक किया जाएगा।

### 430 मोटरसाइकिलें बांटी

मुख्यमंत्री ने 430 मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र और 100 यूनिट्स का वितरण किया। प्रदेश में वर्तमान में 4.4 लाख हेक्टेयर में मछली पालन कार्य हो रहा है, वर्ष 2024-25 में प्रदेश का मछली उत्पादन 3.81 लाख मैट्रिक टन रहा। प्रदेश में लगभग 2 लाख से अधिक मत्स्य पालक पंजीकृत हैं। महिलाएं भी इस व्यवसाय में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि 217 करोड़ लागत से मछली बीज उत्पादन के लिए आधुनिक हैचरी का निर्माण किया जाएगा। इससे बीज के लिए बंगाल पर निर्भरता खत्म होगी। हमारी सरकार दूध उत्पादन और मस्त्य उत्पादन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बदलते समय में मछली पालन क्षेत्र में आधुनिक मशीनों का उपयोग और स्टार्टअप शुरू हो रहे हैं। मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर सीताराम बाथम, गौतम टेटवाल, अनिल फिरोजिया, अनिल जैन कालूहेड़ा, कलावती यादव, संजय गुप्ता, रौशन कुमार सिंह, प्रदीप शर्मा, जयती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी ब्रिज पर यात्री बस और ऑटो के बीच भिड़ंत

## ऑटो सवार दो युवकों की मौत, दोपहर बाद हुई पहचान

**उज्जैन। शनिवार सुबह त्रिवेणी ब्रिज पर यात्री बस और ऑटो के बीच भिड़ंत हो गई। ऑटो में सवार दो युवकों की मौत हुई है। दुर्घटना के बाद इंदौर रोड पर लंबा जाम लग गया था। पुलिस दोपहर बाद दोनों मृतकों की पहचान कर पाई।**




नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 7 बजे के लगभग इंदौर की ओर से आ रही ऑटो और उज्जैन की ओर से जा रही रॉयल ट्रेवल्स की यात्री बस के बीच त्रिवेणी ब्रिज पर भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत होना सामने आया। दोनों को एंबुलेंस की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। उनके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था। पुलिस ने घटना स्थल से बस को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। दोपहर 12 बजे तक दोनों मृतकों की पहचान के प्रयास करने में पुलिस लगी हुई थी। लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। ऑटो नंबर एमपी 13 आर 2839 सर्च करने पर सांदीपनी नगर क्षेत्र का होना सामने आ रहा था लेकिन वहां ऑटो मालिक भी नहीं मिल पाया। पुलिस ने शहर में ऑटो चलाने वालों को बुलाकर दोनों की पहचान के प्रयास शुरू किया करीब 3.30 बजे के लगभग पता चला कि मरने वालों में एक भूपेंद्र पिता दिनेश थापा निवासी केसर बाग मक्सी रोड और दूसरा भैरु सिंह पिता छगनलाल सोलंकी निवासी बखतगढ़ बदनावर है। दोनों ड्राइवर का काम करते थे लेकिन वह सुबह कहां से आ रहे थे इस बात की जानकारी सामने नहीं आ पाई। परिजन जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे थे लेकिन गमगीन होने की वजह से पुलिस उनके बयान दर्ज नहीं कर पाई। दोनों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सोपे गए हैं।

### दुर्घटना के बाद लगा जाम

सावन माह शुरू होने और इंदौर रोड पर सिक्स लेन का काम चलने की वजह से पहले ही इंदौर रोड पर जाम के हालात बने हुए हैं। आज सुबह त्रिवेणी ब्रिज पर हुई दुर्घटना के बाद इंदौर और उज्जैन मार्ग के दोनों और काफी लंबा जाम लग गया। चार पहिया वाहन से लेकर दो पहिया वाहन और बड़े वाहन जाम में फंसे दिखाई दिए। पुलिस घंटे तक जाम खुलवाने के प्रयास में लगी हुई थी।

# प्रेम प्रसंग : प्रकाश नगर में युवक को घर में घुसकर मारे चाकू



**उज्जैन। प्रकाश नगर में शनिवार शाम दो बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये। युवक ने जान बचाकर छत पर भागने की कोशिश की लेकिन हमलावरों ने उसे नहीं छोड़ा। हालात गंभीर होने पर युवक को चरक भवन से इंदौर रेफर किया गया है।**

नीलगंगा थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर में रहने वाला आशीष पिता सुभाष बेरवा अटाले की दुकान पर काम करता है। शाम 4 बजे के लगभग वह घर पर था इस दौरान अभिषेक और विकास मरमट उसके घर में घुस गए और गाली गलौज कर चाकू से हमला किया। आशीष जान बचाकर अपनी छत पर भागा लेकिन बदमाश वहां भी पहुंच गए आशीष ने पड़ोसी की छत पर छलांग लगे बदमाश उस पर टूट पड़े और लहूलुहान करने के बाद भाग निकले। मामले की जानकारी लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची छत पर और घर के बाहर खून फैला दिखाई दिया। परिजन घायल आशीष को चरक अस्पताल लेकर आ गए थे जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने इंदौर रेफर किया है। बताया जा रहा है कि घायल का अभिषेक की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसके चलते अभिषेक ने अपने साथी के साथ मिलकर आशीष पर चाकू से हमला किया है। नीलगंगा टीआई तरुण कुरील ने बताया कि घायल के बयान दर्ज किया जा रहे हैं हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## बाइक सवार दोस्तों को कार ने कुचला, मौत

**उज्जैन**। आलोट स्थित जोगणिया माता मंदिर गए तराना के दो युवक रात में वापस लौट रहे थे। रास्ते में कार से दुर्घटना हो गई। एक की मौके पर मौत हो गई थी। दूसरा गंभीर घायल था। उज्जैन लाते समय उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों का शनिवार सुबह उज्जैन पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है। युवकों की मौत का पता चलने पर तराना विधायक अस्पताल पहुंचे थे।

तराना के ग्राम खज्जूखेड़ी में रहने वाला माखन पिता बगदीराम नागर 23 वर्ष और कालूराम पिता गंगाराम नवरंग 29 वर्ष शुक्रवार को बाइक से आलोट के समीप जोगणिया माता मंदिर दर्शन करने गए थे। दोनों रात में वापस लौट रहे थे। बीच रास्ते में ग्राम कराड़िया के यहां उन्हें तेज गति से आई कार ने रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरा गंभीर घायल था। दोनों को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। लेकिन दूसरे घायल की भी मौत होना सामने आया। अस्पताल स्टॉफ ने दोनों शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाए। उनके पास मिले दस्तावेजों और मोबाइल के आधार पर मामले की सूचना परिजनों तक पहुंचाई गई। शनिवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम करवाया। तराना तहसील के युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत होने की जानकारी लगते ही क्षेत्रीय विधायक महेश परमार भी अस्पताल पहुंच गए थे। परिजनों ने बताया कि माखन ने इस वर्ष फायनल किया था। उसकी शादी हो चुकी थी और एक माह का बच्चा है। वहीं कालूराम खेती करता था। वह भी एक बच्चे का पिता है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए तराना ले जाए गए हैं।

## प्रयागराज में सेवा देने वाले सम्मानित

**उज्जैन**। प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के अनुयायियों द्वारा पादूका पूजन, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का जाप, सत्संग, भजन संध्या एवं आरती उपरांत महाप्रसादी का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष अजय पांडे ने बताया कि अतिथि के रूप में सुरेश मोड़, किर्ती मोड़, सरिता पाण्डे, नित्यानंद पाण्डे, डॉ.जया मिश्रा, महेश कानेडी, सुरेश विजयवर्गीय की उपस्थिति रही। प्रयागराज कुंभ में सेवा देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान अतिथियों के माध्यम से ही किया गया। साथ ही नव्या पांडे एवं एश्वर्या शर्मा द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। हर्षा शर्मा एवं अदिति निगम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# हिरासत में आया लाखों की चोरी करने वाला

**उज्जैन। तीन साल पहले इंदौर रोड स्थित हाईराइज बिल्डिंग में रहने वाले बैंक मैनेजर के घर दिन-दहाड़े चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से बदमाश की तलाश जारी थी। अब एक बदमाश** को गिरफ्तार किया गया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड स्थित हाईराइज बिल्डिंग में बैंक मैनेजर जयचंद जैसवार का लेट था। 2 फरवरी 2022 को वह बैंक चले गए थे। वहीं पत्नी मायके में शादी होने पर मंछामन कॉलोनी गई हुई थी। उस दौरान दिन दहाड़े बदमाशों ने ताला तोड़कर 10 तोला सोने के आभूषण चोरी कर लिए थे। वारदात का पता लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। उस दौरान सामने आया था कि बिल्डिंग में सुरक्षा गार्ड भी मौजूद है। बावजूद चोरी की बड़ी वारदात हुई है। बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर दो नकाबपोश बदमाश दिखाई दिए थे। जिनकी तलाश जारी थी। तीन साल बाद पुलिस ने देपालपुर के रहने वाले योगेश राठौर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी सामने आई कि उसका दूसरा साथी दीपक रतलाम का रहने वाला है और हत्या के मामले में रतलाम जेल में ही बंद है। पुलिस जेल में बंद दूसरे बदमाश को पूछताछ के लिए प्रोटेक्शन वारंट पर जल्द लेकर आएगी। वहीं हिरासत में आए योगेश से पूछताछ कर चोरी किया गया सोने का एक हर बरामद किया गया है जिसकी कीमत 3 लाख होना सामने आई है। बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।



**सिंहस्थ की सौगात** सिंहस्थ 2028 से पहले ही चालू हो जाएगा, 1.7 किलोमीटर का होगा मार्ग

# उज्जैन रेलवे से महाकाल तक रोपवे से हर घंटे 2 हजार श्रद्धालु आ-जा सकेंगे

नवभारत न्यूज

**उज्जैन**। उज्जैन के रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक बनने वाले रोपवे से हर घंटे 2 हजार श्रद्धालु आ-जा सकेंगे। यह रोपवे सिंहस्थ 2028 से पहले ही बनकर तैयार हो जाएगा। रेलवे से मंदिर तक यह 1.7 किमी लंबा होगा। इस पूरे प्रोजेक्ट में 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की नोडल एजेंसी एनएचएलएमएल और कंशेशनर एमएसआईएल मिलकर बना रही है। यूरोपियन स्टाइल के इस मोनोकेबल डिटेचेबल रोपवे में ऑस्ट्रियन कंपनी डोपेलमेयर की तकनीक इस्तेमाल की जा रही है। रोपवे का निर्माण दुनिया की प्रमुख रोपवे कंपनी डोप्पेलमेयर टेक्नोलॉजी देने के साथ ही इसका डिजाइन भी तैयार कर रही है।



### 7 मिनट में पहुंच जाएंगे रेलवे से मंदिर, 16 घंटे मूवमेंट



रोपवे के अंदर 55 गोंडोला चलेंगे, जिनका 16 घंटे मूवमेंट होगा। हर गोंडोला में 8 लोग बैठ सकेंगे। इसमें यात्री को स्टेशन से मंदिर तक पहुंचने में 5 से 7 मिनट लगेंगे। रेलवे स्टेशन, त्रिवेणी म्यूजियम और गणेश कॉलोनी में इसके लिए 3 स्टेशन बनाए जाएंगे। रोपवे के लिए किसी भी चीज को हटाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। दो टावरों के बीच 500 से 600 मीटर की दूरी में आसानी से इसे लगा सकते है। इसकी खासियत यह है कि यह घरों के ऊपर से भी गुजर सकता है, इसलिए काम करते समय किसी को डिस्टर्ब किए बिना निर्माण संभव है। उज्जैन में सबसे ऊंचा टावर 55 मीटर बनाया जा रहा है। डोप्पेलमेयर रोपवे कंपनी के एमडी और सीईओ प्रफुल्ल चौधरी ने बताया इसका किराया तो अभी तय नहीं किया गया है लेकिन संभावना है कि 30 से 40 रुपए हो।

### महाकाल मंदिर में विकास कार्य हेतु भक्त ने दान दिए 1 लाख रुपए



महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले कई भक्त व्यवस्थाओं से खुश होकर मुक्त हस्त से दान भी करते हैं। इसी क्रम में शनिवार को नई दिल्ली से आए आयुष पिता पीयूष द्विवेदी ने बाबा के दर्शन कर मंदिर के विकास कार्य हेतु 1 लाख रुपए नगद पुरोहित पं. पीयूष चतुर्वेदी की प्रेरणा से दान में दिए। मंदिर समिति ने भक्त का सम्मान किया।